सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आ�

RSC Sudesh 05 Mar, 2024

राजकीय महाविद्यालय सराहां के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा आज दिनांक 05.03.2024 को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय के सभागार में एक वक्तव्य आयोजित किया किया। मुख्यतिथि के तौर पर महाविद्यालय में पधारे श्री योगेश रोलटा जी (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ज़िला सिरमौर, (हि°प्र°) ने उपरोक्त विषय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। अपने वक्तव्य में मुख्यतिथि महोदय ने सड़क सुरक्षा, साइबर जागरूकता एवम् नशा निवारण जैसे विषयों पर अपने विचार साँझा किए। पूर्व में क्लब द्वारा आयोजित पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्यतिथि और प्राचार्या महोदया के करकमलों द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्राचार्या डॉ° अनीता ठाकुर ने औपचारिक तौर पर मुख्यतिथि महोदय का धन्यवाद किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। तत्पश्चात् सड़क सुरक्षा क्लब के समन्वयक प्रोफेसर सुदेश तोमर के निर्देशन में कॉलेज परिसर से बाईपास, राष्ट्रीय राजमार्ग 907A और पुराना बस स्टैंड होते हुए नया बस स्टैंड सराहाँ तक एक रैली का आयोजन किया गया। रैली को राजकीय महाविद्यालय सराहाँ की प्राचार्या डॉ° अनिता ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान छात्रों ने स्थानीय लोगों को सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विभिन्न यातायात और सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक किया। इस उपलक्ष पर प्रो. जगमोहन ठाकुर, डॉ. सुध्यान नेगी, प्रो. कृष्ण दत्त, डॉ. रीमा शर्मा, प्रो. प्रियंका सराओ और श्रीमती किरण कांत (लाइब्रेरियन) उपस्थित रहे।